


भारत ने बल्लेबाजी का लिया था फैसला

उल्लेखनीय है कि भारत ने बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद स्टंप तक तीन विकेट पर 272 रन बना लिए जिसमें केएल राहुल 122 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके सलामी जोड़ीदार अग्रवाल ने 60 रन का योगदान दिया जबकि अजिंक्य रहाणे ने भी 40 रन बना लिए।

## मैं कुछ कहूंगा तो फीस कट जाएगी...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंचुरियन। जिस अंदाज में भारतीय ओपनर मयंक अग्रवाल को आउट दिया गया था, उससे वह खासे नाराज हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग–डे टेस्ट के पहले दिन जैसे ही गेंद मयंक अग्रवाल के पैड से लगी तो बोलिंग साइड ने जोरदार अपील कर दी। अंपायर ने आउट नहीं दिया तो डीआरएस लिया गया। एक्शन रिप्ले के बाद मयंक नॉटआउट से आउट करार दे दिए गए थे। इस बारे में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अगर कुछ कहा तो मेरे पेसे कट जाएंगे। उन्होंने कहा, श्मुझे अपनी राय देने की अनुमति नहीं है और इसलिए मैं इसे उसी पर छोड़ना चाहता हूं। इससे नेगेटिव मेसेज भी जाएगा और मेरा पैसा डॉक किया जा सकता है। अग्रवाल को एंगिडी ने पगबाधा करके मेजबान टीम को पहली सफलता दिलाई। ऐसा लग रहा था कि लेग स्टंप से नहीं टकराएगी लेकिन डीआरएस लेने पर मैदानी अंपायर को फैसला बदलाव पड़ा। अग्रवाल ने 123 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके जड़े। वह और राहुल साउथ अफ्रीका में 21 मैचों में शतकीय साझेदारी करने वाली भारत की सिर्फ तीसरी सलामी जोड़ी है।

# साउथ अफ्रीका में बारिश ने तोड़ा टीम इंडिया का दिल

क्रिकेट

## भारतीय टीम के नाम रहा था पहला दिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सेंचुरियन। टीम इंडिया और उसके चाहने वालों के लिए अच्छी खबर नहीं है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन का खेल अब भी शुरू नहीं हो सका है, जबकि लंच से अधिक समय तक का खेल बारिश में धुल चुका है। बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन टीम इंडिया ने बेजोड़ प्रदर्शन किया था। इस लिहाज से आज का दिन का काफी महत्वपूर्ण था, लेकिन लगातार हो रही बारिश ने भारतीय टीम को पीछे धकेल दिया है।

सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन की भविष्यवाणी की गई थी। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक सेंचुरियन में 99 फीसदी बादल छाए रहेंगे। हाईवेल्ड में दिन का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत के आसपास रहेगा। मौसम विभाग ने




दूसरे दिन कम से कम चार घंटे बारिश की भविष्यवाणी की है, जिसमें गरज के साथ भारी बारिश भी शामिल है।

**अन्य दिन कैसा रहेगा मौसम?:** पहले दिन के खेल के दौरान भी कई बार बादल आए, लेकिन सुखद बात यह रही कि बारिश नहीं हुई। हालांकि, स्टंप्स के बाद लगभग पूरी रात बुंदाबादी होती रही। मैच के अन्य दिनों की बात करें तो तीसरे दिन मौसम साफ रहने की संभावना है, लेकिन चौथे और 5वें दिन तूफान के साथ बारिश का अनुमान है। खासकर 5वें दिन अधिक मौसम खराब होने की बात कही जा रही है।

पहले दिन के खेल के बाद भारत का स्कोर तीन विकेट पर 272 रन था। केएल राहुल 248 गेंद में 122 रन बनाकर और अजिंक्य रहाणे 81 गेंद में 40 रन बनाकर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल 60 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान विराट कोहली ने 94 गेंद में 35 रन बनाए। अग्रवाल को एंगिडी ने पगबाधा करके मेजबान टीम को पहली सफलता दिलाई। लेग स्टंप से नहीं टकराएगी लेकिन डीआरएस लेने पर मैदानी अंपायर को फैसला बदलाव पड़ा।

**पुजारा और कोहली रहे फेल:** अग्रवाल ने 123 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके जड़े। वह और राहुल साउथ अफ्रीका में 21 मैचों में शतकीय साझेदारी करने वाली भारत की सिर्फ तीसरी सलामी जोड़ी है। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा बिना खाता खोले अगली ही गेंद पर लुंगी एंगिडी का शिकार हो गए, जबकि कप्तान विराट कोहली (35) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में कन्वर्ट नहीं कर सके। इस तरह उनके 71वें इंटरनेशनल शतक का इंतजार अब और भी आगे बढ़ गया है।

# क्या वाकई इस ऑलराउंडर से अब नहीं डर रहीं विरोधी टीमें ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बेन स्टोक्स में वह आक्रामकता नजर नहीं आ रही जिससे विरोधी टीमें भयभीत रहती थी और मौजूदा एशेज सीरीज में वह जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक खेल दिखा रहे हैं। पोंटिंग ने बॉक्सिंग डे टेस्ट की पहली पारी में आसानी से विकेट गंवाने के लिए इंग्लैंड के कप्तान जो रूट , स्टोक्स और जोस बटलर की आलोचना की । इंग्लैंड सीरीज में 0–2 से पीछे है।

पोंटिंग ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा , श्वह अति रक्षात्मक खेल रहे हैं। वह स्टोक्स दिख ही नहीं रहा जिसकी आक्रामक भाव भंगिमा से विरोधी



टीमें डर जाती थी। इसका कारण समझ में आता है। एक तो बल्लेबाजी के लिए हालात अनुकूल नहीं है और दूसरा उसका सामना बेहतरीन गेंदबाजों से हो रहा है।

पोंटिंग ने कहा कि स्टोक्स को इंग्लैंड को संकट से निकालने के लिए पारंपरिक रवैये को छोड़ना होगा। उन्होंने कहा , लेकिन मुझे लगता है कि आप चुपचाप हाथ पर हाथ धरकर नहीं बैठ सकते। ऐसे में तो ये गेंदबाज दबाव बना ही लेंगे। जब मैं खेलता था तब टीम में हम अक्सर कहते थे कि जितना अच्छा गेंदबाज होगा , उतना ही जोखिम बल्लेबाज को लेना होगा क्योंकि कोई खराब गेंद नहीं मिलने वाली।

उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से स्टोक्स पर दबाव बढ गया है। बकौल पोंटिंग , पांचवें नंबर पर उतरकर उसे पता है कि उसका रन बनाना कितना जरूरी है। इसीलिए वह अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। लेकिन उससे कमजोर तकनीक वाले बल्लेबाजों को उससे ऊपर भेजना समझ से परे है। मुझे लगता है कि जो रूट के बाद तकनीकी रूप से स्टोक्स दूसरा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है।

## यही सही तरीका है ,विभाजित कप्तानी पर बोले शास्त्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट में अलग अलग कप्तान रखने का समर्थन करते हुए कहा कि यही सही तरीका है। विराट कोहली भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान हैं जबकि रोहित शर्मा टी20 और वनडे टीम के कप्तान बनाये गए हैं। शास्त्री ने 'स्टार स्पोर्टर्स ' के शो ' बोल्डएंड ब्रेव रू द शास्त्री वे ' में कहा ,'' मुझे लगता है कि यह तरीका सही है। यह विराट और रोहित दोनों के लिये अच्छा होगा क्योंकि पता नहीं है कि कब तक बायो बबल की जिंदगी जीनी पड़ेगी। एक व्यक्ति अकेले नहीं संभाल सकता। यह आसान नहीं है।'' शास्त्री ने कहा कि वह रोहित को बतौर सलामी बल्लेबाज स्थापित करना चाहते थे। उन्होंने कहा ,'' मैं जो करना चाहता था, वह मेरे दिमाग में साफ था। मुझे लगता था कि बतौर बल्लेबाज उससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करा सका तो एक कोच के तौर पर यह मेरी नाकामी होगी क्योंकि वह अपार प्रतिभाशाली है।'' भारत के लिये 80 टेस्ट खेल चुके शास्त्री ने कोहली से अपने संबंधों के बारे में कहा ,''हम दोनों काफी आक्रामक हैं और जीत के लिये ही खेलना चाहते हैं।

## न्यूज डायरी :




### ऑस्ट्रेलिया की मुट्ठी में तीसरा टेस्ट, दूसरे दिन लड़खड़ाई इंग्लिश पारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। अपने सहयोगी स्टाफ के दो सदस्यों के पॉजिटिव पाए जाने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन सोमवार को इंग्लैंड को मैदान से भीतर और बाहर विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले इंग्लैंड के सहयोगी स्टाफ के दो सदस्य पॉजिटिव पाये गए जिससे खेल विलंब से शुरू हुआ। इंग्लैंड के 185 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 267 रन बनाकर पहली पारी में 82 रन की बढत ले ली। जवाब में इंग्लैंड ने दूसरी पारी के चार विकेट 31 रन पर गंवा दिए। मिचेल स्टार्क ने जैक क्राउली को विकेट के पीछे पांच के स्कोर पर लपकवाया। डाविड मलान खाता खोले बिना ही पांचवें ओवर में आउट हो गए। पहला टेस्ट खेल रहे स्कॉट बोलैंड ने एक रन देकर दो विकेट लिए, उन्होंने हसीब हमीद (7) और जैक लीच (0) को पवेलियन भेजा।

### चेतेश्वर पुजारा ने तोड़ा दिलीप वेंगसरकर का रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेतेश्वर पुजारा भारतीय मध्यक्रम के बेहतरीन बल्लेबाज हैं और मौजूदा समय में वो नंबर तीन पर टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी करते हैं। पुजारा से भारतीय टीम को हमेशा ही बड़ी उम्मीद रहती है, लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट मैच में वो शून्य पर आउट हो गए। इस टेस्ट की पहली पारी में मयंक अग्रवाल के आउट होने के ठीक बाद बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन लुंगी नगीडी की गेंद पर कीगन पीटरसन को अपना कैच थमा बैठे और गोल्डन डक का शिकार हुए। इससे पहले साल 2018 में भी साउथ अफ्रीका में बाक्सिंग डे टेस्ट मैच में पुजारा गोल्डन डक पर आउट हुए थे। चेतेश्वर पुजारा सेंचुरियन टेस्ट मैच की पहली पारी में शून्य पर जैसे ही आउट हुए वो भारत की तरफ से क्रिकेट से सबसे लंबे प्रारूप में तीसरे नंबर पर सबसे ज्यादा बार जीरो पर आउट होने के मामले में पहले नंबर पर पहुंच गए। पुजारा से पहले ये रिकार्ड दिलीप वेंगसरकर के नाम पर दर्ज था।

### 70वां इंटरनेशनल शतक लगाने के बाद विराट कोहली का ऐसा रहा है प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली से सेंचुरियन टेस्ट मैच की पहली पारी में एक बड़ी इनिंग की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। विराट कोहली इस टेस्ट मैच की पहली पारी में अच्छी लय में दिख रहे थे और उन्होंने 94 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौकों की मदद से 35 रन की पारी भी खेली। वो सेट भी हो चुके थे और ऐसा लग रहा था कि कुछ अच्छा होने वाला है, लेकिन लुंगी नगीडी की बाहर जाती एक गेंद को उन्होंने छेड़ दिया और मुल्डर ने उनका कैच पकड़ लिया। विराट कोहली इस पारी में अपनी पिछली गलती फिर से दोहराते हुए नजर आए और बाहर जाती हुई गेंद को छेड़ने के चक्कर में उन्होंने अपना विकेट गंवा दिया। विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में अब तक 70 शतक लगा चुके हैं। अपना 70वां इंटरनेशनल शतक उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में ही साल 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता में डे–नाइट टेस्ट मैच के दौरान लगाया था।

### धौनी ने रिटायरमेंट का ऐलान किया तो खिलाड़ियों का रिएक्शन क्या था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2014–15 में भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के दौरे पर थी और टीम के कप्तान एमएस धौनी थे। टीम इंडिया बार्डर–गावस्कर ट्राफी में पिछड़ गई थी और इसी बीच एमएस धौनी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। मेलबर्न टेस्ट मैच के ड्रा होने के साथ ही धौनी ने फैसला किया था कि वे टेस्ट क्रिकेट तत्काल प्रभाव से छोड़ रहे हैं। ऐसे में सीरीज के बीच में विराट कोहली को कप्तानी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। इसी पूरे वाकये पर रवि शास्त्री ने बड़ा खुलासा किया है, क्योंकि वे उस समय टीम इंडिया के मैनेजर थे।